आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि केंद्रीय बजट कृषि, ग्रामीण समृद्धि और शहरी विकास पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। कल नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि बजट विकसित भारत की ओर अग्रसर होने का आधार तैयार करता है। उन्होंने कहा कि छह विशिष्ट सुधारों की पहचान की गई है जिन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि आम लोगों के हित का ध्यान रखते हुए संसद में अगले सप्ताह नया आय कर विधेयक पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर छूट सीमा सात लाख से बढ़ाकर बारह लाख रूपये किए जाने से एक करोड़ लोगों को लाभ होगा।

बजट प्रतिकिया

भाजपा ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा कल पेश किए गए बजट की सराहना की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि ये बजट सर्व जनहिताय और सर्व जनसुखाय के साथ ही विकसित भारत निर्माण के संकल्प की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नड्डा ने कहा कि ये आम बजट सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के नव–निर्माण को दिशा प्रदान करेगा। विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय बजट आम आदमी की आकांक्षाओं और विकसित भारत के लक्ष्य का रोडमैप है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि इस बजट में युवा, किसान, गरीब और महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट के अनुसार आयकर में राहत केंद्र सरकार का जनता को एक बड़ा तोहफा है। राजीव बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एन.डी.ए. सरकार ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है।

समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग को डिजिटल कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए हैं। शिमला में कल विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए वर्ष 2024–25 के दौरान ग्राम पंचायत भवनों में 7 सौ 80 कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा परिवार नकल, विवाह प्रमाण पत्र और बी.पी.एल. प्रमाण–पत्र जैसी सेवाएं अब ई–परिवार पोर्टल और ई–डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने विभाग को स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों और प्राकृतिक खेती उत्पादों के विपणन में सुधार लाने के भी निर्देश दिए।

बसंत पंचमी

आज बसंत पंचमी है। हिंदू पंचांग के अनुसार बसंत पंचमी हर वर्ष माघ महीने की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। ये दिन खास तौर पर बसंत ऋतु के आने और माँ सरस्वती की पूजा का होता है। इस दिन विद्या, ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा का विशेष महत्त्व है।

उधर कुल्लू जिला में बसंत पंचमी के अवसर पर भगवान रघुनाथजी की शोभा यात्रा निकाल कर उन्हें ढालपुर मैदान तक लाया जाएगा जहां से उन्हें रथ पर बिठा उनके अस्थायी शिविर तक ले जाया जाएगा।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

बजट से जुड़ी हुई खबरें आज सभी समाचार पत्रों में प्रमुखता लिए हुए हैं।

अमर उजाला का शीर्षक है–मध्य वर्ग का महाकुंभ। 12 लाख कमाओ टैक्स–शून्य। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–आयकर में खिला फूल वसंत। दैनिक जागरण के शब्द हैं–मध्य वर्ग को दुलार, विकास को दी पतवार।

मुख्यमंत्री के हवाले से दिव्य हिमाचल ने सुर्खी दी है–गरीब विरोधी और अवसरवादी है बजट। पंजाब केसरी लिखता है–18 लाख 96 हजार परिवारों का ई–परिवार रजिस्टर में पंजीकरण, इसी पोर्टल पर पशुधन पंजीकरण भी किया शुरू। इसी पत्र की एक अन्य सुर्खी है–रेरा के पूर्व चेयरमैन के खिलाफ विजीलैंस के डीजीपी को भेजी शिकायत।

मौसम पर पंजाब केसरी का कहना है–रोहतांग सहित लाहौल–स्पीति व किन्नौर के ऊंचे इलाकों में गिरे फाहे। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–लाहौल–किन्नौर की चोटियों में बर्फ शिमला और मनाली में हुई बूंदाबांदी।

——————————————